यह बीमारी किसे हो सकती है?

वे लोग जो TB से ग्रस्त किसी व्यक्ति के साथ रहे हैं या उनके साथ समय बिताया है

वे लोग जो ऐसी चिकित्सीय समस्या से ग्रस्त हैं या इसके लिए इलाज करवा रहे हैं जो उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रभावित करती है

छोटे बच्चे

वे लोग जिनका जन्म ऐसे देश में हुआ है या जो उन देशों में रहे हैं जहाँ TB के बहुत से मामले हैं

मुझे क्या करना चाहिए?

अपने जी.पी. या स्थानीय TB क्लिनिक पर जाएँ

छाती का एक्स-रे करवाएँ

थूक का नमूना दें

TB की जाँच और इलाज NSW TB क्लिनिकों पर हर किसी के लिए नि:शुल्क है

और अधिक जानकारी के लिए यह वेबसाइट देखें

health.nsw.gov.au

February 2022 © NSW Health. SHPN (HP NSW) 220162

NSW Health

NSW GOVERNMENT

तपेदिक (ट्यूबरक्लोसिस) (TB)

परिवारों और समुदाय के लिए

Hindi

TB क्या है?

TB एक संक्रमण है जो TB बैक्टीरिया या रोगाणुओं द्वारा उत्पन्न होता है।

TB हवा के माध्यम से फैलता है

TB का इलाज विशेष एंटीबॉयोटिक्स द्वारा किया जाता है

TB के लक्षणों में निम्न लक्षण शामिल हो सकते हैं:

2 से अधिक सप्ताह से खांसी आना

खांसी में बलगम या खून आना

बुखार, कंपन या रात में पसीना आना

जल्दी से भार कम होना

हमेशा थके हुए महसूस करना

भूख में कमी

गांठ या सूजन या दर्द

अप्रकट या 'सो रहा' TB

TB के रोगाणु आपके शरीर में सो सकते हैं और हो सकता है कि ये आपको बीमार न करें

सो रहे रोगाणुओं को आप अन्य लोगों को फैला नहीं सकते/सकती हैं

सो रहा TB जाग सकता है और आपको बीमार कर सकता है

TB स्किन टेस्ट या ब्लड टेस्ट से सो रहे TB का पता लगाया जा सकता है

सोये हुए TB का इलाज विशेष एंटीबॉयोटिक्स के साथ किया जा सकता है ताकि TB रोगाणुओं को जागने से रोका जा सके